प्रेषक,

विकास श्रीवास्तव
अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, कक्ष संख्या–2/
विशेष न्यायाधीश (गैंगेस्टर एक्ट),
इलाहाबाद।

सेवा में,

श्रीमान् महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा– श्रीमान् जनपद न्यायाधीश,
इलाहाबाद।

विषय-- वाहन संख्या–यू0पी065 ए वाई/3197 के विक्रय एवं नवीन वाहन क्रय किये जाने की अनुमति के सम्बन्ध में।

महोदय,

ससम्मान् अवगत कराना है कि प्रार्थी जनपद इलाहाबाद में बतौर अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, कक्ष संख्या–2/ विशेष न्यायाधीश (गैंगेस्टर एक्ट) के पद पर कार्यरत है। प्रार्थी वाहन संख्या–यू0पी065 ए वाई/3197 का स्वामी है जो सन 2011 मॉडल है। उक्त वाहन अत्यधिक पुराना हो जाने के कारण प्रार्थी उक्त वाहन का विक्रय कर नवीन वाहन क्रय करना चाहता है। प्रार्थी अपना उक्त वाहन श्री कुलदीप भटनागर पुत्र स्व0 देवकीनन्दन भटनागर निवासी 1ए/12 रामप्रिया रोड थाना कर्नलगंज, तहसील सदर, जिला प्रयागराज को विक्रय करना चाहता है। उक्त श्री कुलदीप भटनागर उक्त वाहन का मु0–90,000/– रूपये क्रय मूल्य देने के लिए स्वेच्छया रजामन्द है तथा उक्त श्री कुलदीप भटनागर द्वारा इस आशय का शपथपत्र प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरूद्ध या उनके द्वारा कोई भी वाद कार्यवाही/मुकदमा न तो जनपद न्यायालय इलाहाबाद या किसी अन्य न्यायालय में विचाराधीन है। प्रार्थी उक्त प्रस्तावित नवीन वाहन के मूल्य का लगभग 75 प्रतिशत धनराशि किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से लोन लेकर अदा करेगा तथा शेष धनराशि प्रार्थी अपने वेतन से प्राप्त धनराशि से अदा करेगा। उक्त प्रस्तावित नवीन वाहन के क्रय हेतु अनुमति मिलने पर क्रय किये जाने के पश्चात क्रय सम्बन्धित समस्त अभिलेख/विवरण/सूचना महोदय को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित किया जायेगा।

अतः महोदय से विनम्र प्रार्थना है कि प्रार्थी को वाहन संख्या–यू0पी065 ए वाई/3197 को उपरोक्त श्री कुलदीप भटनागर को विक्रय करने एवं नवीन वाहन क्रय करने की अनुमति प्रदान किये जाने की कृपा करें।

सादर।

भवदीय

Vikas Srivastava 10/8/22
(विकास श्रीवास्तव)
अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, कक्ष संख्या–2/
विशेष न्यायाधीश (गैंगेस्टर एक्ट),
इलाहाबाद।

दिनांक–10.08.2022

संलग्नक
शपथपत्र श्री कुलदीप भटनागर।

Office of the District Judge, Allahabad
Letter No. 2854/XV **Dated** 11.8.22
Forwarded

District Judge, Allahabad
10/8/22